कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री महाराज सिंह गुर्जर, गांव–धपावत कलां, पोस्ट–कौलाना, तहसील बसवा, जिला दौसा–303315।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा, जिला दौसा।

अपील सं0 40/2020

<u>निर्णय</u> दिनांक :15.10.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा, जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली मे आवेदक द्वारा प्रस्तुत अपील मे चाही गई सूचना का प्रार्थना पत्र संलग्न नहीं है। आवेदक द्वारा अपील के संलग्न लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) की आवेदक को पृष्ठांकित प्रतिलिपि क्रमांकः आरटीआई/2020/472 दिनांक 24.06.2020 व अन्य पत्रादि के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा, जिला दौसा से संबंधित है। आवेदक द्वारा इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत करने पर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा, जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्रांकः डीएम/कोर्ट/2020/1791 दिनांक 16.09.2020 एवं स्मरण पत्रांकः डीएम/कोर्ट/2020/1953 दिनांक 06.10.2020 द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट मय टिप्पणी चाही गई। किंतु लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा, जिला दौसा की ओर से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। यद्यपि आवेदक द्वारा मूल प्रार्थना पत्र की प्रति अपील के संलग्न प्रस्तुत नहीं की गई है किन्तु लोक सूचना अधिकारी अति0 जिला कलक्टर दौसा द्वारा आवेदक का प्रार्थना पत्र लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बसवा को सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के अंतर्गत स्थानांतरित किया गया है। इसलिए अपील अपीलांट आंशिक रूप से स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा, जिला दौसा को निर्देश दिये जाते है कि लोक सूचना अधिकारी अति0 जिला कलक्टर दौसा द्वारा स्थानान्तरित अपीलांट के आवेदन पत्र द्वारा वॉछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावें। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा